तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

13 विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का सदस्य...



14 अष्टमी पर हवन कर दी आहुतियां, नवमी को...





# नागरिकों की समस्याएं जानने आज से 11 तक लिए जाएंगे आवेदन, माहभर में होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार 08 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत बालोद जिले में इसका सफल एवं बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर इस संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु महत्वाकांक्षी कार्य की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का ▶▶|शेष पेज 12 पर

## सुशासन तिहार 2025 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

### हेल्पलाइन नंबर जारी

कलेक्टर चन्द्रवाल ने बताया कि इस दौरान आमजनों को आवेदन करने में होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाईन नंबर 07749–223950 जारी किया गया है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने बताया कि उक्त हेल्पलाईन नंबर पर जिले के आमजन संपर्क कर सुशासन तिहार संबंधी आवेदन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



तीन चरणों में होगा कार्यक्रम

### अंतिम चरण में मंत्री-अधिकारी करेंगे दौरा

बैठक में चन्द्रवाल ने बताया कि तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर के दौरान मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों एवं मुख्य सचिव तथा राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का भी दौरा कार्यक्रम जिले में होगा। इनके द्वारा जिला स्तर पर अधिकारी–कर्मचारियों की बैठक भी ली जाएगी। चन्द्रवाल ने सुशासन तिहार के आयोजन को अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं शासन की विशेष प्राथमिकता वाले कार्य बताते हुए इस कार्य को त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### ऑनलाइन भी कर सकते हैं आवेदन

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सुशासन तिहार के सफल आयोजन एवं आम जनता तक इसका समुचित प्रचार–प्रसार तथा सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदन पत्रों का गुणवत्तायुक्त निराकरण सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों के निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्रों को प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के सभी निर्धारित स्थानों पर समाधान पेटियों की व्यवस्था की जाए। आम नागरिक अपने आवेदन पत्र को समाधान पेटी में जमा करने के अलावा मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को भी अपना आवेदन प्रेषित कर सकता है। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अपना आवेदन वेबसाईट के माध्यम से भी ऑनलाईन प्रेषित कर सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि आम जनता से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर का भी ऑनलाईन आवेदन लेने के लिए उपयोग किया जा सकता है। प्रत्येक आवेदनों को एक कोड देने की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। मुख्य सचिव ने सुशासन तिहार को अधिक प्रभावी एवं सार्थक बनाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग करने तथा आवेदन लेने, उनकी प्रविष्टी, मॉनिटरिंग एवं समाधान प्रक्रियाओं के लिए समुचित प्रशिक्षण करने के भी निर्देश दिए।

## रामनवमी : जामगांव आर में शोभायात्रा में शामिल निरंजनी अखाड़े के स्वामी परमात्मानंद ने चेताया

# राजनीति अंधी हो जाए तो उसे ठीक करने संकल्पित हो जाएं, मतदान करने सहित सभी कर्तव्य निभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

श्री रामनवमी पर्व 6 अप्रैल को जामगांव आर में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय योगमय रामोत्सव का आयोजन किया गया। रामोत्सव में संत समागम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के आग्रह पर समारोह में निरंजनी अखाड़ा के स्वामी परमात्मानंद, छत्तीसगढ़ संत संगठन अध्यक्ष रविकर साहेब, विहंगम योग के योगेश्वरानंद योगी, विहिप प्रांत सह मंत्री घनश्याम चौधरी, बजरंग दल प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रतिनिधि लीलाधर वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निरंजनी अखाड़े के स्वामी परमात्मानंद ने कहा कि हिंदू विश्व कल्याण की कामना करता है सभी को सुखी देखने में विश्वास रखता है। संत श्री ने कहा कि लोकतंत्र में राजा मतदाता है, आपके वोट से सरकार बनती है। उन्होंने कहा कि राजनीति अंधी होकर चले, तो उसे ठीक करने का अधिकार भी आपके पास है। हिन्दू आपस में ना बंटें और बांटने वाली नापाक इरादे वालों से सावधान हो ▶▶|शेष पेज 13 पर





### योग सृष्टि का अनुपम उपहार है : रूपनारायण

भव्य योगमय रामोत्सव के प्रेरणा स्रोत छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि भारत ऋषि मुनि की पावन धरा है। योग सृष्टि का अनुपम उपहार है यह तो भारतवासियों के रोम रोम में क्रियान्वित है। उन्होंने कहा कि जब आदमी पूजा करता है तो योग, प्रणाम नमस्कार करता है तो योग, तालियां बजाता है, तब योग स्वमेव क्रियान्वित होने लगता है। उन्होंने कहा कि योग तो निरोग रहने की कला सिखाती है। पारंगत हो जाएं, स्वस्थ रहें, मस्त रहें। उन्होंने कहा कि यह राम का देश है। योग के पारंगत स्कूली बच्चों एवं योग प्रशिक्षित लोगों ने भगवान राम सहित अनेकों देवी देवताओं के पोज में योग करके राम भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया।



### राम को मानने वाले राम की मानें : रविकर साहेब

छत्तीसगढ़ संत संगठन अध्यक्ष रविकर साहेब ने कहा कि हक त्यागो तो रामायण और हक के लिए लड़ो तो महाभारत होगा। राम को मानने वाले राम की मानना शुरू कर दें, तो रामोत्सव सार्थक हो जाएगा। ऊर्जावान लोगों के लिए उम्र आड़े नहीं आती। विहंगम योग के योगेश्वरानंद योगी ने कहा कि संतों के समागम में आकर मन के रावण पर काबू पाए। विहिप प्रांत सह मंत्री घनश्याम चौधरी ने कहा कि धर्मांतरण लव जिहाद के कुचक्र को सजगता पूर्वक रोकने में महती भूमिका हिन्दू निभाएं। बजरंग दल प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने भी राम भक्तों को जगाया।

## खबर संक्षेप



### परिक्षेत्र स्तरीय माता कर्मा जयंती कार्यक्रम 13 को

**गुण्डरदेही।** परिक्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर द्वारा ग्राम फुंडा बोरगहन में 13 अप्रैल को परिक्षेत्र स्तरीय माता कर्मा जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रण देने समाज के पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी से मुलाक़ात की और कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। आयोजकों न बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता तहसील साहू संघ के अध्यक्ष डॉ मानसिंह सार्वा करेंगे।

### चीचा में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 12 को होंगे विविध कार्यक्रम

**अंडा।** भगवान हनुमान जन्मोत्सव ग्राम वृंदावन चीचा में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भजन संध्या एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर शाम 6 बजे सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख होंगे। वहीं, पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणि पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बालोद नरेश यदु , जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### नगर पंचायत गुण्डरदेही में से लिए जाएंगे आवेदन

**गुण्डरदेही।** सुशासन तिहार 2025 के तहत जनता की समस्याओं के समयबध्द निराकरण तथा शासन की जनकल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनसंवाद की दिशा में मांग, समस्या एवं शिकायत के निराकरण के लिए कार्यालय नगर पंचायत गुण्डरदेही में पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से नगरवासियों से आवेदन लिया जाएगा। दूसरे चरण में एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सीएमओ किरण पटेल ने नगरवासियों से सुशासन तिहार अंतर्गत शिविर में अपनी समस्या शिकायत व सुझाव आवेदन के माध्यम से देने का आग्रह किया है।

### दल्लीराजहरा में आज से लिए जाएंगे आवेदन

**दल्ली राजहरा।** सुशासन त्यौहार के तहत आज से आम जनता से मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने बताया कि पहले चरण के तहत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से उनके सुझाव, समस्याएँ एवं शिकायतें प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन नगर पालिका परिषद कार्यालय दल्ली राजहरा में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लिए जाएंगे।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यपालन अभियंता एनएन उपाध्याय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही, आवेदन प्राप्त करने के लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित कर दी गई है।

# पेंशनर्स आयकर रिटर्न अवश्य भरें ताकि कटौती की राशि वापस ली जा सके





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में दी गई सलाह

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद की मासिक बैठक पेंशन भवन शिकारीपारा बालोद में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी थे, अध्यक्षता डॉ आरएम चावड़ा ने की। विशेष अतिथि वरिष्ठ पेंशनर सीआर साहू, यूएस ठाकुर एवं हरीश पटेल थे। बैठक में अध्यक्ष ने बताया कि सभी पेंशनर्स आयकर रिटर्न आवश्यक रूप से भरें ताकि कटौती की राशि वापस ली जा सके। पेंशन की राशि से कटौती न हो इसके लिए पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक तथा आवश्यक रूप से फॉर्म 16 भरकर जमा करना सुनिश्चित करें। रिटायर्ड जज सोनी ने कहा कि पेंशनरों की समस्याएं भी होती है और समस्याओं समाधान तो आप सब करते ही हैं। इसके साथ–साथ संघ के माध्यम से ▶▶|शेष पेज 13 पर

# स्वास्थ ही संपदा है, स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन एक घंटा योग व व्यायाम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस पर जिला न्यायालय परिसर बालोद में हुआ शिविर का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर बालोद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा जारी स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामलाल नवरत्न के मार्गदर्शन में 07 अप्रैल को आयोजित किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने व्याख्यान में सभी को अपने कार्य के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि साथ ही स्वास्थ्य ही संपदा है एवं अपनी संपदा को बनाये रखना अति आवश्यक है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में गलत खान–पान व फोन के दुष्प्रभाव में लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ना बताया तथा प्रतिदिन प्रत्येक व्यक्ति को 01 घंटे व्यायाम योग की सलाह दी। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं उपस्थित पक्षकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में परिवार न्यायालय बालोद के न्यायाधीश योगेश पारीक, किरण कुमार ▶▶|शेष पेज 13 पर

## दल्लीराजहरा साप्ताहिक बाजार में पहुंचे नल वाले घड़े

# बढ़ती गर्मी के साथ बढ़ी मिट्टी के घड़ों की मांग, नल लगने के बाद और बढ़ा आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ दल्लीराजहरा साप्ताहिक बाजार में पहुंचे नल वाले घड़े


गर्मी का मौसम आते ही जहां एक ओर लोग बिजली से चलने वाले फ्रिज और कूलर की ओर भागते हैं, वहीं दूसरी ओर एक पारंपरिक और प्राकृतिक विकल्प फिर से लोगों का ध्यान खींच रहा है। लाल मिट्टी से बना नल वाला घड़ा, दल्लीराजहरा के साप्ताहिक रविवार बाजार में इन दिनों ऐसे घड़े खासे लोकप्रिय हो गए हैं, जिनमें नल लगा हुआ है। न सिर्फ इनका पानी ठंडा रहता है, बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल, सेहतमंद और किफायती भी है।

दल्लीराजहरा बाजार में घड़े बेचने आए कुम्हारों जनक प्रसाद ओटी, रामेश्वर, लता बाई, गणेश मांडवी, सपना ,माधुरी व पायल ने बताया कि ये खास घड़े लाल मिट्टी से बनाए जाते हैं, जो प्राकृतिक ▶▶|शेष पेज 13 पर



### हर तरह से लाभदायक हैं घड़े : डॉ जैन

डॉ सौरभ जैन ने कहा कि मिट्टी से बने घड़े का पानी पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। इसके साथ ही पानी ठंडा करने में बिजली भी खर्च नहीं करना पड़ता। इसके साथ ही कुम्हारों को रोजगार का साधन भी मिल जाता है। इसलिए सभी लाभ को देखते हुए पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा दें और मिट्टी के घड़ों का प्रयोग करें।



### सेहत के लिए फायदेमंद

शहीद अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक शैबाल जाना की मानें तो मटके का पानी शरीर के तापमान के अनुकूल रहता है और यह पाचन तंत्र को नुकसान नहीं पहुंचाता। इसमें कोई रासायनिक प्रक्रिया नहीं होती और न ही यह बिजली पर निर्भर होता है। यही कारण है कि इसे देसी फ्रिज भी कहा जाता है।

### कुम्हारों को मिला नया रोजगार अवसर

नल वाले घड़े की लोकप्रियता से कुम्हार समुदाय को भी नई उम्मीद मिली है। स्थानीय कुम्हार रमेश वर्मा ने बताया, पहले लोग प्लास्टिक के वाटर कूलर खरीद लेते थे, लेकिन अब फिर से घड़ों की मांग बढ़ी है। नल वाला घड़ा तो लोगों को और भी ज्यादा पसंद आ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि एक घड़ा बनाने की पूरी प्रक्रिया में करीब 3 से 4 दिन लगते हैं। उन्होंने कहा कि अब वह स्थानीय प्लंबरों की मदद से इनमें छोटे-छोटे नल भी फिट कर रहे हैं। इससे न सिर्फ परंपरा को नया रूप मिल रहा है, बल्कि ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर मिल रहा है।

# भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव 10 को

महावीर सेवा समिति दल्लीराजहरा द्वारा आज से आयोजित किए जाएंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



■ प्रभात फेरी आज

महावीर सेवा समिति दल्लीराजहरा द्वारा 10 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत 8 अप्रैल को साइडिंग से सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकली जाएगी, जो कि मुख्य मार्गो से होते हुए जैन दादाबाड़ी पहुंचेगी। 9 अप्रैल को सुबह 6 बजे चिखलाकसा से प्रभात फेरी निकलकर जैन दादाबाड़ी पहुंचेगी। इसी तरह 9 अप्रैल को विश्व नवकार जाप दिवस मनाया जा रहा है जो कि दुनिया भर के 120 देशों में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में दल्ली राजहरा में भी सुबह 8 बजे से 9.30 बजे तक नवकार जाप जैन भवन में रखा गया है। इसके साथ ही 8 एवं 9 अप्रैल को जैन धार्मिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जैन दादाबाड़ी प्रांगण में रखा गया है। प्रतियोगिता में 8 टीमें भाग ले रही हैं। 10अप्रैल को महावीर जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः 5:30 बजे प्रभातफेरी मंदिर से निकाली जाएगी। उसके बाद सुबह 6 बजे से प्रार्थना जैन भवन में रखी गई है। सुबह 9 बजे भगवान का वरघोड़ा मुख्य मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंचेगी एवं दोपहर को गौतम प्रसादी और उसके पश्चात नवकार जाप जैन दिगंबर मंदिर में रखा गया ▶▶|शेष पेज 13 पर

# बोरिया गेट हो व्यवस्थित, स्लैग लोडिंग के लिए गेट नंबर-7 से दें एंट्री: ट्रांसपोर्टर्स

## ट्रक-ट्रेलर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल मिला बीएसपी प्रबंधन के अफसरों से

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ट्रक-टेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल बीएसपी के अधिकारियों से मिला। इस दौरान अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह और सदस्यों ने संयंत्र प्रबंधन को हाल ही में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या से अवगत कराया गया। यह समस्या बोरिया गेट में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले जाम और लिफ्टिंग में आ रही बाधाओं को लेकर थी। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने यह मुद्दा बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष एक माह पूर्व उठाया था, जिसमें गेट संख्या 7 को स्लैग लोडिंग के लिए सक्रिय करने का प्रस्ताव भी शामिल था। एसोसिएशन ने सुझाव दिया कि स्लैग लोडिंग की गाड़ियों को बोरिया गेट के बजाय गेट संख्या 7 से प्रवेश कराया जाए, ताकि बोरिया गेट पर ट्रैफिक की भीड़ और अव्यवस्था से निजात मिल सके। बीएसपी प्रबंधन ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए गेट संख्या 7 को तकनीकी रूप से तैयार कर लिया था। 22 फरवरी को मंगलम स्टील की 5 गाड़ियों के माध्यम से इसका परीक्षण भी सफलतापूर्वक किया गया था। हालांकि अब तक गेट संख्या 7 को नियमित रूप से चालू नहीं किया गया है, जिससे ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और उससे जुड़े परिवहनकर्ताओं में गहरा असंतोष व्याप्त है।

### लगातार स्लैग का लिफ्टिंग कार्य हो रहा प्रभावित

एसोसिएशन ने कहा कि बोरिया गेट पर अव्यवस्था व्याप्त है। बोरिया गेट की स्थिति वर्तमान में अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है। पिछले तिमाही 56,000 मीट्रिक टन स्लैग का लिफ्टिंग कार्य प्रभावित हुआ, जिससे न केवल स्टील कंपनियों को नुकसान हुआ, बल्कि परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। चालू तिमाही में 1,10,000 मीट्रिक टन स्लैग की लिफ्टिंग का लक्ष्य रखा गया है। यदि गेट संख्या 7 को जल्द से जल्द चालू नहीं किया गया, तो इस लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव होगा। एसोसिएशन के अनुसार यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो वे आगे परिवहन कार्य को जारी नहीं रख पाएंगे।



### इडी वर्क्स ने दिया समस्या के जल्द निराकरण का आश्वासन

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि ईडी वर्क्स से मिलकर इस समस्या के संबंध में जानकारी दी गई। आश्वासन मिला कि गेट संख्या 7 को जल्द से जल्द चालू कर दिया जाएगा। बहरहाल अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस कारण अब न केवल ट्रांसपोर्टरों में निराशा है, बल्कि संयंत्र से जुड़े अन्य व्यावसायिक हितधारकों में भी चिंता की लहर है। उन्होंने कहा कि आज एसोसिएशन के पदाधिकारी के द्वारा ईडी वर्क्स से मिलकर ठोस पहल की गई, उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द गेट नंबर 7 चालू कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### बार और रॉड मिल का रिकार्ड उत्पादन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की 0.9 मिलियन टन मापित क्षमता वाली मोडेक्स यूनिट, बार एवं रॉड मिल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में नया रिकार्ड बनाया है। संयंत्र ने अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 1.0 मिलियन टन को पार कर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। तृतीय पाली में बीआरएम की टीम ने लक्ष्य को सामूहिक प्रयास से पहली बार प्राप्त किया। इसके साथ ही, 1.0 मिलियन टन के डिस्पैच के माध्यम से भी बड़ी सफलता दर्ज की गई। पाली प्रबंधक परिमल एवं श्री नारायण के नेतृत्व में रात्रि पाली में 20 एमएम टीएमटी बार का 1528 टन (742 बिलेट) उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ पाली उत्पादन का कीर्तिमान भी स्थापित किया गया। व्यावसायिक क्षेत्र में भी सुदृढ़ प्रदर्शन करते हुए बीआरएम ने अनेक चुनौतीपूर्ण प्रोफाइल रोल कर अपनी उत्पाद श्रृंखला को निरंतर समृद्ध किया है। 1.0 मिलियन टन उत्पादन का यह मील का पत्थर न केवल संयंत्र की तकनीकी क्षमता को दर्शाता है, बल्कि बाज़ार में इसकी सुदृढ़ स्थिति को भी प्रमाणित करता है। बीआरएम, मूल्य-वर्धित उत्पादों के माध्यम से बाजार की बढ़ती माँग को पूरा करने की अपनी क्षमता को सिद्ध कर रहा है।कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, बी.के. गिरी, अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एमडब्लूआरएम) श्री एम.के. गोयल तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने बीआरएम पहुँचकर ण टीम को बधाई दी।

### नवोदय विद्यालय के लिए ट्विंकल का हुआ चयन



**उतई।** शासकीय प्राथमिक शाला डुमरडीह की छात्रा ट्विंकल लहरे पिता स्व. तिलक राम लहरे व माता शीतल देवी लहरे का कक्षा छठवीं के लिए नवोदय विद्यालय बोरई में चयन हुआ है। चयन होने पर ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच धर्मेंद्र बंजारे, प्रधान पाठक दुलारी चंद्राकर व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव कुमारी यादव ने ट्विंकल को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया व हार पहनाकर बधाई दिया। इस अवसर पर शिक्षक गण राजेश्वरी देशमुख, शारदा खेवर, तेजेश्वरी साहू, साजिद खान, विद्या सिंह आदि उपस्थित थे।

## शहर के चारों दिशाओं से पहुंचे हजारों भगवा ध्वज, जयश्री राम के जयकारे से गूंजा रामलीला मैदान पॉवर हाउस

# राम जन्म भूमि का संघर्ष 500 वर्षों तक चला, यह भारतीय समाज की दृढ़ता और संकल्प का प्रतीक : डॉ. रमन सिंह





हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित रामनवमी पर भव्य आयोजन वुलन मार्केट पावर हाउस में किया गया। आयोजन में विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह, सांसद विजय बघेल, हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस आयोजन ने भक्ति, प्रेरणा और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस आयोजन में समिति के संरक्षक प्रेम प्रकाश पांडे की टीम को विशेष बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने चार दशकों से इस भक्तिमय वातावरण को बनाए रखा है। यह कार्यक्रम न केवल भिलाईवासियों, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी जोड़ने में सफल रहा है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के संघर्ष, त्याग और मर्यादा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। श्रीराम जन्मभूमि से जुड़ा पाँच सौ वर्षों का संघर्ष, जो 1528 में शुरू हुआ और 2020 में मंदिर के भूमि पूजन तक चला, भारतीय समाज की दृढ़ता और संकल्प का प्रतीक बताया। राम जन्मभूमि संघर्ष के माध्यम से पूरे देश में सनातन धर्म और आस्था की लहर जागृत हुई है, जो वर्तमान में भी भारतीय समाज को एकजुट कर रही है। उन्होंने समिति और उनकी टीम को इस अद्भुत और प्रेरणादायक आयोजन के लिए विशेष रूप से सराहा गया। कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पाटेश्वर धाम के बाल योगेश्वर राम बालक दास महात्यागी, भाजपा के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडेय, शिक्षा विद आईपी मिश्रा, समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। रामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचे। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने जनसहयोग से बने महाप्रसाद को ग्रहण किया, वहीं लेजर लाइट शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आकर्षक स्वचलित झांकियों का भी आनंद लिया। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाया। उन्होंने बताया कि जब यह आयोजन शुरू हुआ था, तब धार्मिक रीति-रिवाजों और त्योहारों का सार्वजनिक प्रदर्शन करना सामाजिक चुनौती थी। विशेष रूप से युवा पीढ़ी को तिलक या धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए असहजता का अनुभव होता था। लेकिन समाज में बढ़ती जागरूकता और प्रयासों ने इस सोच में परिवर्तन लाया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि सनातन धर्म के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है और यह भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बाल योगेश्वर राम बालक दास महात्यागी ने कहा कि हम हिंदू राष्ट्र के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 2026 तक रामलला और माता कौशल्या की पूजा अर्चना छत्तीसगढ़ के 36,000 मंदिरों में की जाएगी।

### यह भाईचारे, प्रेम और त्याग की अद्वितीय मिसाल

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके गुणों को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन संघर्ष, त्याग और तपस्या का प्रतीक है। राम कथा केवल राज्यसत्ता के संघर्ष की कथा नहीं है, बल्कि यह भाईचारे, प्रेम और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने वर्तमान समाज में बढ़ती स्वार्थपरता और पारिवारिक विघटन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज लोग थोड़ी-सी संपत्ति के लिए अपने ही परिवार के सदस्यों के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। ऐसे में राम कथा से प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन में भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देना चाहिए। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि अन्य बड़े लोगों के जीवन में चमत्कार मिलते हैं, लेकिन राम के पूरे जीवन में एक भी चमत्कार नहीं बल्कि उनके जीवन में केवल संघर्ष और समर्पण दिखता है। गंभीरता, धैर्यता और पुरुषार्थ दिखता है। आज के दौर में मकान-दुकान और जमीन के लिए एक मां के बेटे खून के प्यासे हो जाते हैं। संपत्ति के लिए भाई-भाई में दीवार खड़ी हो जाती है, पर त्याग के प्रति राम और भरत एक दूसरे को राजगद्दी पर बैठाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने लोगों से आव्हान किया कि राम के जीवन का कोई एक गुण अपने जीवन में धारण करें।

## 12 प्रखंडों से निकली भव्य शोभायात्रा, झांकियां लेजर शो और बस्तर का नृत्य रहे आकर्षक



श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा 4 दशकों से आयोजित किया जा रहा राम नवमी उत्सव इस बार भी खास रहा। शहर के 12 प्रखंडों खुर्सीपार, छावनी, वैशालीनगर, सुपेला, कैम्प क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड सहित अन्य जगहों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल वुलन मार्केट पावर हाउस पहुंची। इस दौरान विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। आयोजन समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडेय ने बताया कि 24 मार्च से निरंतर एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम चलाया गया, जिसके माध्यम से अर्जित अनाज से विशाल भंडारा का प्रसाद तैयार किया गया। हजारों लोगों ने इस प्रसाद को ग्रहण किया। 40 साल से निरंतर शहर में यह आयोजन चला आ रहा है। मध्य भारत के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। इसमें लगभग 1150 से अधिक मठ-मंदिरों से ध्वजवाहक शोभायात्रा में शामिल होते हैं। इस बार भी अलग-अलग प्रखंडों से शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची। मुख्य रूप से बाबा भोलेनाथ शोभायात्रा, भगवान चतुर्भुजी शोभायात्रा, मां बम्लेश्वरी शोभायात्रा और मां दंतेश्वरी शोभायात्रा के रूप में आयोजन स्थल पर एकत्रित हुईं। यहां पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आयोजन में समिति की मुख्य शाखा, महिला शाखा और युवा शाखा द्वारा लगातार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी हुई। हजारों भक्त कार्यक्रम में मौजूद थे।



### ले शो के जरिए भगवान राम का बखान

प्रत्येक प्रखण्डों से शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां निकाली जाएगी। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। भगवान राम, सीता और हनुमान का भेष धरने वालों की आरती उतारी गई। उनकी पूजा अर्चना की गई। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही लेजर लाइट शो का भी आयोजन कार्यक्रम स्थल पर किया किया, जिसमें भगवान राम की लीलाओं को दिखाया गया। इस अवसर पर भगवान राम के समधुर गीतों पर भक्त थिरकते नजर आए। भगवान की आरती भी सामूहिक रूप से गाई गई।

### नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

**भिलाई।** संस्कृत मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा नववर्ष का स्वागत चौक-चौराहों पर भगवा ध्वज लहराकर किया गया। इस अवसर पर 11 विभिन्न विद्यालयों के 20 से अधिक संस्कृत शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। संस्कृत मित्र मंडलम के महासचिव डॉ अजय आर्य ने कहा कि संस्कृत शिक्षक की भूमिका शिक्षक से बढ़कर है। संस्कृति के प्रति नैतिक जिम्मेंदारी से निर्वहन करें। संस्कृत सेवकों ने भारतीय संस्कृति के प्रतीक भारतीय नव संवत्सर पर ओम ध्वज लहराया। उपाध्यक्ष अनुपमा उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत और संस्कृति दोनों एक दूसरे के आश्रित हैं। हम सब का कर्तव्य है कि हम भारतीय संस्कृति से दुनिया के लोगों को जोड़े। इस अवसर पर संतोष कुमार चौबे ने भारतीय नववर्ष पर जगत कल्याण की प्रार्थना को दोहराते हुए विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में डॉ अजय आर्य केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, संतोष कुमार चौबे, वेद प्रकाश, डॉ वागीश चन्द्र त्रिपाठी, संतोष दहातोंडे, प्रीति भट्ट, आशा यादव, सुनीता धीवर, अजय कुमार, अंजनी गुप्ता, मनीषा सोनी, अमित मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर मरीजों को बांटा फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के 45 वे स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने लाल बहादुर शासकीय अस्पताल, सुपेला में पहुंचकर सेवा भाव से मरीजों को फल वितरित किया। साथ ही उनका कुशलक्षेम जानकार शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष पुरूषोतम देवांगन, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडे, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू व बिजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि आज के दिन ही भाजपा की स्थापना हुई थी और भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, मोदी जैसे प्रधानमंत्री है हमारे जिनके नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पांडे ने कहा कि भाजपा जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता का हित करने वाली पार्टी है, जिनके हम सब कार्यकर्ता है, गर्व है हमे की हम भाजपा कार्यकर्ता है । युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा सेवा कार्य करके आज अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामना दे रहे है, उनके सुख दुख पूछ रहे है, मानव सेवा माधव सेवा के मूलमंत्र पर हम कार्य कर रहें हैं। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, जिला भाजपा मंत्री विजय जायसवाल, मार्कण्डेय तिवारी, अशोक गुप्ता, मनोज तिवारी, गोपाल बिष्ट, रूपराम साहू, भाजपा सुपेला मंडल अध्यक्ष दीपक भोडेकर, कैंप मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह, शशि भगत, संजय जायसवाल, रवि कश्यप आदि उपस्थित थे।



### कोक ओवन में सुरक्षा जागरुकता सप्ताह का समापन

# ठेका मजदूरों को नुक्कड़ नाटक व विविध कार्यक्रम से किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओ एंड सीसीडी) द्वारा विभागीय सुरक्षा जागरूकता सप्ताह एवं सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का समापन समारोह मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीके बेहेरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल, महाप्रबंधक एस रॉयचौधरी, महाप्रबंधक झगर सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधि, नियमित एवं ठेका कर्मचारी उपस्थित थे। बीके बेहेरा ने कहा कि कार्यस्थल पर "360 डिग्री निरीक्षण" की आवश्यकता को रेखांकित किया, जिससे असुरक्षित क्रियाएं और परिस्थितियां समाप्त की जा सकें। एसके अग्रवाल ने कोक ओवन टीम के सदस्यों से उच्च स्तर की हाउसकीपिंग बनाए रखने तथा कार्यस्थल की जोखिम परिस्थितियों को समाप्त करने में अपनी रचनात्मकता को निरंतर प्रदर्शित करते रहने का आह्वान किया। सभी कार्यक्रमों की संकल्पना एवं क्रियान्वयन विभागीय टीम द्वारा किया गया, जिसमें सहायक महाप्रबंधक ए देशपांडे, एस मेश्राम, एस महापात्रा, शशिकांत बरगथ, विरेन्द्र सिंह, वरिष्ट प्रबंधक सुभासीश नंदी, अनुराग के दीपक, पी शर्मा, उप प्रबंधक अभिलाष सिंह एवं अन्य सदस्यों की भूमिका उल्लेखनीय रही। प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का मूल्यांकन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया, जिनमें महाप्रबंधक प्रभारी दिलीप सामंतराय, महाप्रबंधक के नंदकुमार, एमएस नाइक, ओपी भट्ट, अतुल गोस्वामी, आनंद शुक्ला, पुष्पा एम्ब्रोज़, यूवी सुभद्रा, सहायक महाप्रबंधक हेमंत वर्मा, उप प्रबंधक वी राजू तथा वाईके कनूर आदि शामिल थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी (सीओ एंड सीसीडी) बीसी मंडल ने सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विविध गतिविधियों पर आधारित विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन दुश्यंत दाऊ, प्रदीप कुमार, एसएस मेश्राम, एसके परसवार, संजय मोरेया, लोकेश कुशवाहा, अशुतोष प्रधान एवं सुरक्षा स्टाफ द्वारा किया गया।



### नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

फोटो प्रदर्शनी गैलरी में कर्मचारियों और उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा बनाए गए 60 चित्र एवं पेंटिंग प्रदर्शित किए गए। प्रतिभागियों ने सप्ताह भर चलने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों जैसे चित्रकला, पेंटिंग, मॉडल निर्माण, नारे, कविताएं, गीत, निबंध आदि के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को उजागर किया। कोक ओवन टीम को प्रेरित करने के लिए सुरक्षा नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता, "स्पॉट द हैजर्ड", टूलबॉक्स टॉक, अग्निशमन अभ्यास, फुल-बॉडी हार्नेस प्रदर्शन तथा विषयगत व्याख्यान आदि गतिविधियां हुईं। समापन समारोह के दौरान विभाग के ठेका कर्मचारियों ने सुरक्षा विषयक गीत एवं कविताएं प्रस्तुत कीं, जिनमें पीपीई के उपयोग, शटडाउन प्रक्रियाओं, **SOPs/SMPs** के पालन तथा व्यवहार-आधारित सुरक्षा (बीबीएस) के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

## फिल्टर प्लांट से 5 एमएलडी वेस्ट वाटर से पौधों की होगी सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर निगम भिलाई के 77 एवं 66 एमएलडी से वेस्ट वाटर अतिरिक्त अनुपयोगी पानी लगभग 5 एमएलडी तक निकलता है। जिसको फिल्टर करके छोड़ जाता है। वह पीने के योग्य नहीं होता परंतु अन्य कार्य किया जा सकता है। नेहरू नगर गुरु नानक सरोवर को भरते हुए हुए निकल जाता है। अभी गर्मी को देखते हुए भिलाई निगम इस वेस्ट वाटर का सदुपयोग पौधों की सिंचाई के लिए करेगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू को निर्देश दिए हैं, कि पीने के पानी को उद्यानों में एवं पेड़ पौधों में मत डाला जाए। निगम का अतिरिक्त पानी निकलता है उसको ही फिल्टर प्लांट से भरकर के सभी रोड के किनारे, सड़क के मध्य में लगे हुए पेड़, पौधों, फूलो की सिंचाई की जाए। इसके साथ ही जो धुलाई का कार्य है वह भी अतिरिक्त पानी से ही किया जाए। पानी कीमती है इसे बचाया जाए। इसका पालन नगर निगम भिलाई के सभी जोन में किया जा रहा है। अब गाड़ी का धोना, साफ-सफाई, धूल भरी सड़कों पर पानी डालने इत्यादि का कार्य अतिरिक्त पानी से किया जाएगा। सभी जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि टैंकर भरते समय या ध्यान दिया जाए की पानी गिरे मत।



## खबर संक्षेप



### भरदाखुर्द (क) में राम जानकी मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा

गुण्डरदेही। रविवार को ग्राम भरदाखुर्द (क) में निषाद समाज एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक कुंवर सिंह निषाद भी शामिल हुए। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव में शामिल विधायक श्री निषाद ने कहा कि रामराज्य वह आदर्श है, जहां हर व्यक्ति को सम्मान, सुरक्षा और न्याय मिले। श्रीराम के यह आदर्श हमें सदा जनसेवा और सुशासन की प्रेरणा देते हैं।

### मृतकों के परिवारों को सहायता राशि स्वीकृत

बालोद। अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण 6 मृत व्यक्ति के निकटतम वारिस को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 04–04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में मृतक देवकी बाई के पति प्रताप सिन्हा, पुत्र लोकेश कुमार एवं पुत्री प्रतिमा ग्राम सोंहतरा तहसील बालोद, मृतक शैलबाला साहू के पति अलखराम साहू ग्राम बगईकोन्हा तहसील डौण्डीलोहारा, मृतक अंगेश्वरी भुआर्य के पति मोहन लाल ग्राम नंगूटोला तहसील डौण्डीलोहारा, मृतक हिरमत बाई के पति बंसत कुमार ग्राम रेंगाडबरी तहसील डौण्डीलोहारा, मृतक निर्मल सिंह की पत्नी सवाना बाई ग्राम हितापठार तहसील डौण्डीलोहारा एवं मृतक समीर नेताम के पिता गजपति ग्राम रेंहची तहसील अर्जुंदा को 04–04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### पांडेपारा बालोद में भगवान हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** जय वीर हनुमान समिति बुधवारी बाजार पांडेपारा बालोद द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 12 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रातः 10 बजे से हनुमान लला की पूजा की जाएगी। दोपहर 1 बजे से महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे हनुमान जी की आरती की जाएगी तथा जिन श्रद्धालुओं का जन्मदिवस होगा, उनसे ओम नमः शिवाय रामायण मंडली पांडेपारा बालोद द्वारा केक कटवाया जाएगा। वहीं शाम 4 बजे से रामायण का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही जय महामाया शीतला जस झांकी परिवार ग्राम मोहंदी के कार्यक्रम का आयोजन रात्रि 9 बजे से किया गया है।

**दिवस : अर्जुंदा में पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा उपाध्यक्ष नरेश**

# देश प्रथम की भावना से काम करती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी मंडल अर्जुन्दा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस पर अपने–अपने मतदान केंद्रों में तथा अपने-अपने घरों में पार्टी का ध्वज लगाया। इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पूजा अर्चना कर भाजपा के संस्थापक सदस्यों को याद किया।

भाजपा मंडल अर्जुन्दा के अंतर्गत नगर अर्जुन्दा के कार्यकर्ताओं ने प्रातः अटल चौक की साफ सफाई की। उसके बाद शाम को अटल चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा का अंग बनकर लगातार समाज सेवा में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा देश प्रथम और पार्टी को आखिरी में रखा। उन्होंने कहा कि कभी भी कोई भाजपा का कार्यकर्ता सत्ता के लिए काम नहीं करता। भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने कहा है कि हमारे लिए गौरव की बात है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी की स्थापना दिवस मना रहे हैं। 6 अप्रैल 1980 से यात्रा शुरू हुई थी, तब से लेकर आज तक भाजपा लगातार कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु, मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता, लेखानारायण तिवारी, गुमान यादव (पार्षद), विनोद सिन्हा, गिरधर निषाद कीर्ति ऊके सूर्यकांत गजेन्द्र, पूर्व पार्षद प्रत्याशी राहुल साहू, मनीष ठाकुर, रमेश सोनी, शिव देवांगन, धनेश्वरदेवांगन, नरेंद्र साहू, उमेश देवांगन, मुकेश इंदोरिया उपस्थित थे।




### भाजपा मंडल डौंडी ने मनाया स्थापना दिवस




डोंडी। रविवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडी द्वारा बूथ क्र 243 और 244 में स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के निर्देशानुसार डौंडी मंडल में निवासरत समस्त भाजपा के जनप्रतिनिधियों, प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, बुथ के अध्यक्ष व समिति एवं समस्त बुथ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिलकर स्थापना दिवस मनाया। सर्वप्रथम भाजपा ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत मंडल अध्यक्ष डॉ रूपेश नायक जिला प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष झा जनपद अध्यक्ष मुकेश कौडो नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका उपाध्यक्ष संजीव मानकर ने की। उसके बाद सभी ने मिलकर अटल बिहारी वाजपेई और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर फल एवं बिस्कुट वितरण किया गया। कार्यक्रम में विषेश रूप से मंडल महामंत्री अजय चौहान, हिन्छा राम साहू, दिनेश अग्रवाल, भुखउ राम साहू, पिन्टू राजेन्द्र नाहर, निलेश जायसवाल, विशाल जैन, पवन साहू, राधिका भरद्वाज सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शक्ति केंद्र हल्दी में भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

रविवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल के अंतर्गत बूथ क्रमांक 274 शक्ति केंद्र हल्दी में पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर केक काटकर मिठाई वितरण किया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। कार्यक्रम में प्रभारी अश्वनी कुमार कटहरे, जनपद सदस्य गुंडरदेही हरदेव सार्वा, जीवनलाल साहू, गीतेश्वर डड़सेना, सियाराम डड़सेना, रमाकांत साहू, राकेश पटौती, आत्मा साहू, राजेंद्र गंजीर, दिनेश गंजीर, बेणीराम साहू, गौकरण बघेल, पीतांबर सिन्हा एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घरों में लगाया पार्टी का झंडा



**बालोद।** भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने अपने घरों में भाजपा का झण्डा ल गा या । ज़ि ला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने भी अपने निवास पर भाजपा का झंडा लगाया व कार्यकर्ताओं को भी प्रेरित किया।

## स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर लगाया पार्टी का झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

■ जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी ने कार्यकर्ताओं को खिलाई मिठाई



भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर पार्टी का झंडा लहराया। बालोद की जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने स्थापना दिवस पर अपने घर के मुख्य द्वार पर पार्टी का झंडा बांधा। इस अवसर पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर कार्यकर्ताओं ने उत्सव मनाया और बधाई दी। इस मौके पर पूरे प्रखण्ड में भाजपाइयों ने अपने-अपने घरों पर झंडे लगाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तारणी चंद्राकर ने कहा कि 6 अप्रैल को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसी दिन हमारे वरिष्ठ नेताओं ने राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ इस भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी। भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनकर उभरा है और इसका श्रेय पार्टी के समर्पित नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार जनकल्याण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान पूर्व सदस्य ज़िला पंचायत बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरपंच त्रयोदश मुकेश, मिलन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का सदस्य होना हमारे लिए गौरव की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ कुसुमकसा में भाजपा का स्थापना दिवस पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित



भारतीय जनता पार्टी कुसुमकसा के कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर प्रांगण में स्थापना दिवस मनाया। सर्व प्रथम सैकड़ों की संख्या में उपस्थित सभी भा ज पा कार्यकर्ताओं ने श्री राम जी की आरती की। कार्यक्रम प्रभारी बसंत जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। कुसुमकसा के बूथ प्रभारी संजय बैंस संतोष जैन कमलकांत साहू पंकज जेठवानी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर भूपेंद्र मिश्रा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सहित पार्टी के पितृ पुरुषों के सिद्धांतों पर चलते हुए आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। पूर्व सरपंच शिवराम सिंदरामे ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही आज केंद्र और राज्य में सरकार के साथ पालिका और पंचायत में भी भाजपा के लोग विजयी हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब हमें बेहतर कार्य करके भाजपा को और अधिक मजबूत करना है। भाजपा के प्रभारी बसंत जैन ने कहा कि आज राम जन्मोत्सव के साथ आज भाजपा का भी जन्मोत्सव है। आज के दिन ही भाजपा का सूर्य उदय हुआ, जिसकी चमक पूरे विश्व में बड़े संगठन के रूप में हो रही है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है।

**सभी कार्यकर्ताओं को दिया गया पार्टी का झंडा व एक-एक पौधा-** कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा कि हम सब गर्व के साथ कह सकते हैं राष्ट्रवादी विचार धारा के साथ भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के हम सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर हम हमारी पार्टी को और मजबूती के लिए कार्य करेंगे। आज सभी कार्यकर्ता जिनको पार्टी के झंडे के साथ एक पौधा भी हम दे रहे हैं, इसे आपको अपने घरों में लगाना है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर भूपेंद्र मिश्रा शिवराम सिंदरमे पोषण भूआर्य मोती सिन्हा संतोष जैन कमलकांत साहू पंकज जेठवानी अमाय नागवंशी हेमिन सिन्हा हरि ठाकुर देवराज जैन गोविंद सिन्हा प्रवीण धनकर अशोक धर्मगुरु महेश डडसेना कमल जगनायक गोल्डी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की।

पेज 11 के शेष...

### नागरिकों की समस्याएं...

समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार 2025 का आयोजन पूरे प्रदेश में तीन चरणों में होगा। इसके अंतर्गत पहले चरण में 08 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन पत्र प्राप्त लिए जाएंगे। चन्द्रवाल ने कहा कि आम नागरिक अपने आवेदन पत्र को समाधान पेटी में जमा करने के अलावा मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को भी अपना आवेदन प्रेषित कर सकता है। इसके अलावा राज्य शासन के द्वारा आम जनता के सहुलियत के लिए ऑनलाईन आवेदन स्वीकार करने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपना आवेदन वेबसाईट के माध्यम से भी ऑनलाईन प्रेषित कर सकते हैं। दूसरे चरण में लगभग 01 माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में चन्द्रवाल ने अधिकारियों को आवेदन प्राप्ति और निराकरण आदि के प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

बैठक में चन्द्रवाल ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए सुशासन तिहार के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को आवेदन पत्र प्राप्त करने समुचित संख्या में अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने 8 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले सुशासन तिहार की जानकारी आम जनता को भली–भाँति हो सके इसके लिए इसका समुचित प्रचार–प्रसार करने के भी निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने आम जनता से आवेदन प्राप्त करने के निर्धारित स्थानों पर समाधान पेटी एवं अन्य जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य शासन से आवेदन का प्रारूप भी प्राप्त हो गया है।

उन्होंने अधिकारियों को इसका पर्याप्त मात्रा में प्रिंट निकलाकर निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता को आवेदन लिखने में सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यकतानुसार अधिकारी–कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य शासन से जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा और संबंधित जिला, जनपद एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को ऑनलाईन एवं भौतिक रूप से भेजा जाएगा। इसके पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारी लगभग 01 माह में इन आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। इसके अंतर्गत मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जाएगा। इन आवेदनों की गुणवत्ता का विश्लेषण जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में श्री चन्द्रवाल ने सुशासन तिहार सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु नोडल अधिकारियों के नियुक्ति के संबंध में भी जानकारी लेते हुए इस कार्य को शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि इसके संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करने हेल्पलाईन नंबर भी जारी किया जाएगा। इस दौरान चन्द्रवाल ने अधिकारियों को मांग एवं शिकायत वाले आवेदनों के स्वरूप के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को राजस्व प्रकरण, आयुष्मान शिविर, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के कार्य आदि सभी शासकीय कार्यों को भी सुशासन तिहार के कार्यों में शामिल कर इन सभी का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### राजनीति अंधी हो...

जाएं, तभी आप भारत माता को परम वैभव दिला पाएंगे। उन्होंने कहा कि भरा-पूरा परिवार सुखी और संस्कारी होता है। संतान उत्पति में संकुचित सोच बदलें, कम से कम 3 बच्चे पैदा करने का पुरुषार्थ रखें। सौभाग्य की बात है कि नरेंद्र मोदी जैसा संत प्रधान सेवक है। स्वामी जी ने कहा कि हिंदू आलस त्यागें, वोट देने का फर्ज अवश्य निभाया करें, नहीं तो ये आलस दुर्गति का इतिहास रच आपको आंसू की धार रुलाएगी।

**निकाली गई बाइक रैली-** कार्यक्रम के प्रारंभ में विशाल बाइक रैली निकाली गई। इसके माध्यम से 8 किलो मीटर दूर गाढ़ाडीह से जामगांव आर अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। जन कल्याण समिति संयोजक जनपद सदस्य प्रणव शर्मा ने बताया कि रैली के कुशल प्रबंधन में राम भक्तों ने सराहनीय भूमिका निभाई। समारोह में सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, निवर्तमान दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत जल जीवन मिशन सभापति कल्पना नारद साहू, पाटन जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर मंचासिन रहे।

**श्रीराम की भव्य तस्वीर भेंटकर किया स्वागत-** जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, रवि सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, नरेश केला, नंदनी साहू, किशोर साहू, लीलाधर वर्मा, मुकेश साहू, मेघनाथ सागरवंशी, शैलेन्द्री मंडावी, पूर्णेन्द्र सिन्हा, हर्ष साहू, लोमेश बंजारे, हेमंत बंजारे, बाबूलाल साहू, चूरामन साहू द्वारिका साहू, बेनीराम साहू ने किया स्वागत। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, सदस्य डॉ गुलाब साहू, डॉ केएस देवांगन बसंत शिंदे ने अयोध्या विराजित भगवान श्री राम की भव्य तस्वीर भेंट कर संतो एवं अतिथियों का स्वागत किए। दर्जनों ग्रामों के राम भक्तों ने समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### पेंशनर्स आयकर रिटर्न...

विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, गतिविधियों पर तथा आध्यात्मिक विषयों चर्चा भी हो रही है और हम समस्त पेंशनर अपने सेवा काल से विशेष गहरा अनुभव लेकर उपस्थित होते हैं। यहां आने के बाद जानने का अवसर मिला कि यहां पेंशनरों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं एक न्यायाधीश के रूप में कार्य किया हूं और न्यायाधीश होने के नाते बुजुर्ग माता–पिता की संपत्ति से संबंधित समस्याएं आती हैं और शासन से जो सुविधाएं प्राप्त होती हैं, उन सब की जानकारी अगले माह की बैठक में हम साझा करेंगे। अतिथि ने वरिष्ठ पेंशनर सीआर साहू को 80 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि हरीश पटेल ने राज्य शासन द्वारा कर्मचारियों के समान पेंशनरों को 53 प्रतिशत डीए नहीं दिए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया। नए पेंशनर जीएस कौमार्य कृषि विभाग से संबंधित अनुभव शेयर करते हुए जैविक खाद प्रयोग करने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष बीआर साहू ने किया। बैठक में सचिव पुरुषोत्तम देशमुख, सुरेंद्र ताम्रकार, जितेंद्र आर्य, आईएन योगी, बीएस पद्माकर, मोहनलाल धुर्वे, अमर सिंह मांडवी, सुदामा दास साहू, उमेद लाल डोंगरे, जेपी सोनेश्वर, तुलाराम साहू, थनवार सिंह साहू, कामता प्रसाद ठाकुर, मोहनलाल धनकर, आरके साहू, खिलावन देशमुख, रूपलाल साहू, आरपी वर्मा, मुरारी लाल साहू, लखन लाल रातें, एनआर कुलहरिया, आईआर देवांगन, रंभा मांडवी, फूलबाई, कमला ठाकुर, मीराबाई, सुशीला बाई उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य ही संपदा...

जांगड़े, प्रथम जिला न्यायाधीश बालोद, कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश) पॉक्सो कोर्ट बालोद, ताजुद्दीन आसिफ, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.), श्वेता उपाध्याय गौर, द्वितीय जिला न्यायाधीश बालोद, संजय कुमार सोनी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद, भारती कुलदीप, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद व जिला अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष अजय साहू एवं सदस्यगण, महेश सूर्यवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद व समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के कर्मचारीगण तथा समस्त पैरालिगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।

### बढ़ती गर्मी के साथ बढ़ी...

रूप से पानी को ठंडा रखने की क्षमता रखते हैं। अब इसमें नल भी जोड़ दिया गया है, जिससे पानी निकालने में भी सहूलियत होती है और बार-बार ढक्कन खोलने की जरूरत नहीं पड़ती। घड़े के रेट भी बहुत कम है 100 में छोटे नल वाले घड़े और 150 रुपए में बड़े नल वाले घड़े बेचे जा रहे हैं। स्थानीय निवासी सुनील यादव ने बताया, हम हर साल गर्मी में मिट्टी का घड़ा इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इस बार नल वाला घड़ा देखकर बहुत अच्छा लगा। पानी निकालना आसान हो गया और बच्चों को भी अब मटका उलटाने की जरूरत नहीं पड़ती।

### भगवान महावीर...

है। शाम सूर्यास्त पूर्व गौतम प्रसादी तथा रात्रि को भक्ति संध्या कार्यक्रम का आयोजन जैन दादाबाड़ी प्रांगण में किया जा रहा है। कार्यक्रम में परम गुरु भक्त दो भाई जैनम, नमन डाकलिया गीतों की प्रस्तुति देंगे। आयोजक श्री महावीर सेवा समिति के सदस्य क्रांति जैन ने बताया कि सभी कार्यक्रमों में कूपन रखे गए हैं। इन कूपनों के माध्यम से प्रथम उपहार सोने की चेन, द्वितीय इलेक्ट्रिक साइकिल, तृतीय 100 ग्राम चांदी का सिक्का, चतुर्थ उपहार 50 ग्राम चांदी का सिक्का एवं पंचम उपहार 20 ग्राम चांदी का सिक्का रखा गया है।

## पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्ष चुने गए दीपक



**लाटाबोड़।** पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ जिला ईकाई बालोद की बैठक स्थानीय विश्राम भवन में प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान की अध्यक्षता एवं हनु नायक संभागीय प्रभारी दुर्ग की उपस्थिति में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सेवक दास दीवान ने बताया कि पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ पत्रकार साथियों के हित संवर्धन सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पत्रकारों के कल्याण हेतु पत्रकार कल्याण कोष की स्थापना की गई है। किसी भी पत्रकार साथी के परिवार किसी भी प्रकार परेशानी आती है तो हमारा संघ परिवार की भांति खड़ा रहेगा। केन्द्र व राज्य सरकार से पत्रकार साथियों को किस तरह से लाभ मिलेगा इसके लिए हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि एक सबके लिए, सब एक के लिए इसी उद्देश्य को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में कार्य कर रहे हैं। बैठक के दौरान संघ की सदस्यता लेने वाले बालोद के पत्रकारों का सम्म्मन किया गया। पत्रकार हनुमान नायक संभागीय प्रभारी दुर्ग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन ने किया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन, जिला महासचिव असवन साहू, जिला उपाध्यक्ष संजय रामटेके, जिला कोषाध्यक्ष अनिल लाडिया, दीपक मसीह जिला सचिव एवं संयुक्त सचिव सचिन कुमार सोनी नियुक्त किए गए। नव नियुक्त पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर कुणाल सोनी सहित संघ के पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## एक दृश्य ऐसा भी...



**बालोद।** नगर अर्जुन्दा में ज्योति जंवारा विसर्जन के दौरान एक सुंदर दृश्य नजर आया। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने जब एक नन्ही बच्ची के बाल बिखरे देखे, तो वे उनके बालों को सहेजकर चोटी बनाने लगे।



## खबर संक्षेप



### सहगांव विद्यालय की छात्रा एकता का एकलव्य विद्यालय में चयन

**डौण्डीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला सहगांव संकुल केन्द्र सहगांव की कक्षा पांचवी की छात्रा एकता, पिता कृपाल सिंह पिस्दा माता कविता पिस्दा का एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। शाला परिवार व विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। इस अवसर पर केएल चुरेन्द्र, शरद मालेकर, नीलिमा राम, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, विजय कुमार पटेल, गिरीश कुमार निर्मोही, केशर अलेन्द्र, दीपा आमदो, गोविन्द सिंह चुरेन्द्र, भागवत तारम, नसीद टेमार्य, सुरेखा यामले, दुलौरीन सहारा लीला यादव व भागवत ठाकुर उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला भूताटोला के योग्य का नवोदय में चयन



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक के अन्तर्गत वनांचल की शासकीय प्राथमिक शाला भूताटोला से योग्य यादव का चयन नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। इस पर पूरे संकुल व शाला परिवार की ओर से प्रसन्नता जाहिर कर पालक रोशन यादव व माता प्रमिला यादव ने खुशी जताते हुए न्योता भोज का आयोजन किया। समिति अध्यक्ष टेमन लाल, संकुल प्राचार्य सुखराम ठाकुर, समन्वयक ओमकार सोनसारवा, प्रधान पाठक महेन्द्र कोरेटी व शिक्षिका शमा अली ने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### चोरी की बाइक के साथ दो युवक धरे गए

**भिलाई।** वाहन चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लियाहै। डीएसपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। इस दौरान पाटन पुल उतई के पास दो संदेही सफेद रंग की एक्टिवा वाहन में जाते दिखे। उन्हें रोककर वाहन के कागजात को लेकर पूछताछ की गई। लेकिन उनके पास से कोई भी कागजात नहीं मिले। टीम ने सशक्त ऐप का उपयोग करते हुए वाहन के इंजन व चेचिस नंबर के आधार पर एप्प में सर्च किया। जिससे पता चला कि उक्त वाहन चोरी का है जिसका चोरी का अपराध दुर्ग कोतवाली थाने में दर्ज है।

**पर्व :** अंचल में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई नवरात्रि, जगह-जगह हुए विविध कार्यक्रम

# अष्टमी पर हवन कर दी आहुतियां, नवमी को जोत-जंवारा का किया विसर्जन, हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर दल्लीराजहरा शहर में धार्मिक उल्लास और आस्था की अद्भुत छटा देखने को मिली। नवरात्रि पर पूरे दिन माता रानी की भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने नवमी के दिन विशेष पूजा-पाठ, हवन, कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया।

दल्लीराजहरा शहर के विभिन्न मंदिरों के साथ जिन घरों में जंवारा बोए गए थे, वहां हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उसके बाद परंपरानुसार कन्या पूजन किया गया, जिसमें नौ कन्याओं को देवी के रूप में पूज कर उन्हें भोजन करवाकर उपहार दिए गए। सभी आयोजनों में समाज के हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत वातावरण में नगरवासियों ने माता रानी की आरती कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।





**भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण की प्रसादी-** नवमी के पावन अवसर पर दल्लीराजहरा में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही भंडारे में लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भंडारे में खिचड़ी, पूड़ी, सब्जी, हलवा और अन्य व्यंजन परोसे गए। इस आयोजन में युवाओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सेवा दी।

**सुरक्षा व सफाई का रखा विशेष ध्यान-** नगर प्रशासन एवं स्थानीय समितियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भक्ति गीतों और नृत्य की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। दल्लीराजहरा में इस बार नवरात्रि का पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक एकता और सौहार्द्र का प्रतीक बनकर सामने आया। श्रद्धा, सेवा और समर्पण की मिसाल बना यह आयोजन नगरवासियों के लिए अविस्मरणीय बन गया।

## गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में हुआ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**डौंडीलोहारा।** गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गायत्री परिवार के सभी साधकों द्वारा अखंड ज्योति प्रज्जलित कर मंत्र जप साधना की गई। अंतिम दिवस श्री राम नवमी पर्व पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कर पूर्णाहुति दी गई। इस अवसर पर तीन पुंसवन संस्कार व एक अन्नप्राशन संस्कार कराए गए।

## शीतला मंदिर मोखा में कराया नौ कन्या भोज



**गुरूर।** ग्राम मोखा के शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर हवन पूजन का कार्यक्रम नौ कन्या भोज के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, सचिव कांशीराम कलिहारी, कोषाध्यक्ष उदय सिंह ठाकुर, सहकोषाध्यक्ष फागुराम नेवेंद्र, ग्राम पटेल रामचरण सिन्हा, ग्रामीण बैगा कोमल देव शीतला के सेवक महेश यादव खम्हन निषाद, पुष्पेंद्र कटेंद्र पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत मोखा के



## संबलपुर में धूमधाम से मनाई रामनवमी

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम संबलपुर में नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रात्रि में पारसमणी मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर के रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री राम जी की महाआरती के बाद खीर पूड़ी प्रसादी वितरण किया गया।

## धनोरा बाबा दरबार में स्थापित जोत-जंवारा का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व पर 6 अप्रैल रविवार को शाम 4 बजे से ज्योति विसर्जन शोभायात्रा निगाली गई। शोभायात्रा बजरंग पारा बाजार चौक शीतला तालाब पहुंची, जहां पूजा-अर्चना कर विसर्जन किया गया। इस बीच शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह ज्योति कलश की पूजा-अर्चना की गई। आगे आगे गुलाब साहू एवं हेमंत साहू की भंजन मंडली माता सेवा गाते हुए चल रही थी। गज्जू रायपुरिहा खप्पर लिए चल रहे थे। उनके पीछे महिलाएं सिर पर जोत जंवारा लिए चल रही थीं। इस दौरान नंद पंडा साथ चल रहे थे। शीतला तालाब पहुंचने पर दरबार के लक्ष्मण बाबा द्वारा पूजा-अर्चना के बाद जोत-जंवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान जोत-जंवारा के दर्शन करने लोग उमड़ पड़े। शोभायात्रा में लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा,





विनोद साहू, मनोज पटेल, राजू यादव, मनसुखा साहू, गुलाब साहू, ललित साहू, भोलू खिलेशवर साहू, सुनील कहार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



### गायत्री शक्तिपीठ प्रज्ञा मंडल मोखा में हुआ यज्ञ हवन

**गुरूर।** तहसील गुरुर अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ प्रज्ञा मंडल मोखा में चैत्र नवरात्रि रामनवमी के पावन पर्व पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रज्ञा मंडल मोखा में निधि टुवाणी अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुई। उन्होंने गायत्री शक्तिपीठ के सभी सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रज्ञा मंडल के चंद्र प्रकाश गंजीर, मानिक गजेंद्र, रामस्वरूप सिन्हा, लोभरषण कटेन्द्र, राम चरण नेवेद्र, खेमू राम कलिहारी, कुशल यादव, योगेश्वर महेंद्र, प्रज्ञा मंडल के सभी मातृशक्ति व सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

## चंडी मंदिर कंवर में हुआ जस-भजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम कंवर में स्थित प्राचीन चंडी माता मंदिर में नवरात्रि एवं रामनवमी के अवसर पर रात्रि में जस भजन सम्राट दुकालू यादव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर थीं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बालोद प्रीतम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरूर टुकेश्वर पाण्डेय, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, जिला पंचायत सदस्य तेज राम साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, ममता विजय, जनपद सदस्य गौतम साहू, जनपद सदस्य नरेश साहू, जनपद पंचायत सदस्य गुलाब सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत कंवर बालचंद टंडन, सरपंच ग्राम पंचायत पेंडरवानी त्रिलोकी राम साहू एवं चण्डी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष बाला राम साहू, सचिव चम्पा लाल मोरार समस्त पदाधिकारी, ग्राम पुरोहित पं. चेतन प्रसाद पाण्डेय अतिथि के रूप में मंचासीन थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर ने कहा कि ग्राम कंवर की माता चण्डी क्षेत्र में एक जागृत शक्ति के रूप में पूजी जाती हैं। इस तरह के कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की पारंपरिक, धार्मिक, सांस्कृतिक धरोहर को समेटे हुए है, जो हमारी समृद्ध संस्कृति धार्मिक परंपरा से युवा पीढ़ी को अवगत कराते हैं। मंदिर में हवन एवं नौ कन्या भोज के साथ नवरात्रि का समापन हुआ।

## विद्यार्थियों ने चलाया जागरुकता अभियान



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के समाजकार्य विभाग के विद्यार्थियों ने ग्राम अंडा में जन जागरुकता अभियान चलाया। इसके तहत घर-घर जाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाया गया। आरएचओ मुकेश कुमार ने बताया कि हर वह व्यक्ति जो 30 वर्ष से ऊपर है उनको शुगर, बीपी की जांच करानी चाहिए। शिविर में कुष्ठ, टीबी, फाइलेरिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उसके बाद समाज कार्य के छात्रों ने सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया। सहायक प्राध्यापक ढालसिंह साहू के मार्गदर्शन में मनीष सेन, सुभाग, विनय कुमार, लेमन, डामन, काजल, नम्रता, नीरा साहू ने अभियान में हिस्सा लिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## मां कल्याणी शीतला मंदिर समिति रिसाली मड़ौदा ने किया सम्मानित | गीतकार सीताराम साहू श्याम को दिया गया विसंभर यादव मरहा स्मृति सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नवरात्रि अष्टमी के पावन अवसर पर मां कल्याणी शीतला मंदिर समिति रिसाली मड़ौदा द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार जन कवि विसंभर यादव मरहा की पुण्य स्मृति में अंचल के सुप्रसिद्ध गीतकार सीताराम साहू श्याम को विसंभर यादव मरहा स्मृति सम्मान प्रदान किया गया।

भाषा साहित्य एवं कला की अनवरत साधना तथा साहित्य को समृद्ध करने में उनके योगदान के फल स्वरुप श्री सीताराम साहू को 5001 रुपए सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र, श्रीफल एवं माता रानी की चुनरी ओढाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक राज्य मंत्री ललित चंद्राकर थे, अध्यक्षता सांसद विजय बघेल ने की। विशिष्ठ अतिथि समिति के पुन्नू यादव, ऋषि गजपाल, मोरध्वज चंद्राकर अरुण वर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अंजली चौधरी, कोमल बघेल, शैलेंद्र शेंदे, चोवाराम निषाद तथा देवेंद्र कुमार देशमुख सुरेगांव कृतचिन्हारी की प्रस्तुति के बीच यह विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। 72 वर्षीय सीताराम साहू ने अपनी कुछ रचनाएं भी सुनाई।

उन्हें विसंभर यादव मरहा सम्मान मिलने पर सरस साहित्य समिति गुण्डरदेही के द्रोण, गजपति साहू, केशव साहू, रमेश यादव, माखन साहू, कृष्णा दीप शिवकुमार अंगारे, डॉक्टर बुशरा परवीन, विजय टंडन, जलज ताम्रकार एवं प्रेरणा साहित्य समिति के संरक्षक जगदीश देशमुख, जयकांत पटेल, पुष्कर सिंह, राज गंधर्व, पुषण कुमार साहू, गोरेलाल शर्मा, टिकेश्वर सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है।



### ग्राम ओरमा की सरपंच मंजूलता ने कन्यादान के लिए दिए 3100 रूपए

बालोद। जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू ने चुनावी घोषणा पर अमल शुरू कर दिया है। उन्होंने चुनाव के दौरान कन्यादान के लिए 3100 रुपए देने की घोषणा की थी। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने अपनी घोषणा पर अमल करते हुए दूसरी बार कन्यादान के रूप में गांव की बेटियों को 3100 रुपया कन्यादान देकर वादा निभाया। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू एवं वार्ड पंच रोशनी साहू, चंचल साहू, संतोष साहू उपस्थित थे।

**राम नवमी के अवसर पर किया सम्मान समारोह का आयोजन**

# चिन्हारी साहित्य समिति गुरुर ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- डॉ लक्ष्मण उमरे के काव्य संग्रह भांजा राम के कहानी लक्ष्मण के जुबानी का किया गया विमोचन

चिन्हारी साहित्य समिति गुरुर द्वारा रामनवमी के अवसर में डॉक्टर लक्ष्मण उमरे के काव्य संग्रह भांजा राम के कहानी लक्ष्मण के जुबानी का विमोचन किया गया। समारोह में पर्यावरण सेवा के लिए गुण्डरदेही के समाज सेवी केशव राम साहू को नवरत्न सम्मान प्रदान किया गया।

इसी कड़ी में शिक्षा में डीपी साहू, साहित्य में अरुण निगम, चिकित्सा में डॉक्टर संजीव कश्यप, नारी शक्ति मेनका वर्मा, कला संस्कृति पूजा देशमुख, रामचरितमानस राम राजेश साहू, कृषि



रामेश्वर चंद्राकर, बेनीराम सेन को सेन रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक कन्या महाविद्यालय गोबरा डॉक्टर सरोज चक्रधर थे। अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कृत साहित्यकार सीताराम साहू श्याम ने किया। विशेष अतिथि तुलसी मानस प्रतिष्ठान के अध्यक्ष जगदीश देशमुख, राजभाषा आयोग के पूर्व बालोद जिला समन्वयक मोहन प्रसाद चतुर्वेदी, शासकीय महाविद्यालय दुर्ग के प्राध्यापक डॉक्टर रजनीश उमरे, अथक संस्था के अध्यक्ष पूना राम साहू उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्पों पर नवरत्न सम्मान के नवाचार प्रयास को विशेष सराहा गया, साथ में रामनवमी पर श्री राम पर आधारित काव्य संग्रह विमोचन के लिए डॉक्टर लक्ष्मण उमरे की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर साहित्यकार गोरेलाल शर्मा, सम्पत कलिहारी, धर्मेंद्र श्रवण शिवकुमार अंगारे, जयकांत पटेल, श्रवण सोनी, दिगेंद्र साहू, गुमान साहू, बेणीराम सरवा, सुंदरलाल गंधर्व, पुषण साहू, टिकेश्वर सिन्हा, इकबाल तन्हा, संध्या पटेल उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411